लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली 28 अगस्त, 2014: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने देशवासियों को गणेश चतुर्थी की पूर्व संध्या पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः

" गणेश चतुर्थी पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं । भगवान गणेश बुद्धि, सौहार्द, शांति और समृद्धि के प्रतीक हैं । अमीर हो या गरीब, छोटा या बड़ा, सब के *विघ्नहर्ता* हैं । सांसारिक या आध्यात्मिक मार्ग में आने वाली सभी बाधाओं को गणेश जी दूर करते हैं। इसी मान्यता के चलते वे सभी को अपने लगते हैं । तीक्ष्ण बुद्धि, सूक्ष्म दृष्टि, सर्व समावेशक वृत्ति और मूषक जैसे छोटे प्राणी को दिया गया महत्त्व, यह सामंजस्य और विकास का प्रतीक है। हम सभी इन मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पित होकर इस पर्व की सांस्कृतिक विरासत को अनुभव करें, जतन करें, यही मेरी शुभकामना है। "